सुसंस्कारही जीवन का प्राण- डॉ. श्री राजमती जी

- सूर्योदय के समय साध्वी श्री राजलक्षि जी एवं साध्वी डॉ. राजवृद्धि जी म.सा. के मुखारविन्द से भक्तामर स्तोत्र का मधुर वाचन प्रार्थना के रूप में किया जाता है

अजमेर, । मणिपुंज सेवा संस्कार में महाश्रमणी गुरूमाता महासती श्री पुष्पवती जी (माताजी) म.सा. के शुभ सान्निध्य में वीतराग वाणी की अमृत धारा प्रवाहित हो रही है। सूर्योदय के समय साध्वी श्री राजलक्षि जी एवं साध्वी डॉ. राजवृद्धि जी म.सा. के मुखारविन्द से भक्तामर स्तोत्र का मधुर वाचन प्रार्थना के रूप में किया जाता है एवं भक्तजन श्रद्धा भाव से इसका आनन्द लेते है। धर्मसभा को सम्बोधित करते हए उपप्रवर्तिनी सदगुरुवर्या डॉ. श्री राजमती जी म.सा. ने फरमाया- हर व्यक्ति को तीन चीजें विरासत में मिलती हैं- शरीर, संपत्ति और संस्कार। माता-पिता शरीर और संपत्ति विरासत में दे देते हैं पर संस्कार नहीं देते तो संपत्ति देना भी व्यर्थ है। संस्कार के सद्भाव में ही शरीर और संपत्ति का सदुपयोग हो सकता है।

संस्कारों के अभाव में संपत्ति मिली तो उसका उपयोग ऐसा करेगा कि संपत्ति भी बर्बाद हो जायेगी और माता-पिता के नाम पर कालिख भी पुत जायेगी। संपत्ति न देकर संस्कार दिये तो वो संपत्ति भी अर्जित कर लेगा और आपका नाम भी रोशन कर देगा। अपनी संतान को संस्कारित करने के लिए गुरू चरणों में लेकर जाएं। सभ्य, ईमानदार, चरित्रवान, गुणवान, संयमी, सदाचारी, आज्ञाकारी, सेवाभावी वही बन पाता है जो सद्संस्कारों को ग्रहण करता है। सुसंस्कार ही जीवन का प्राण व भविष्य का उत्थान है। साध्वी डॉ. राजरश्मि जी म.सा. ने फरमाया जीवन में यदि सुखपूर्वक रहना है, जिन्दगी सुहावनी व्यतीत करनी है तो मृषावाद अर्थात् झूठ बोलने से परहेज करें। असत्य की छाया से बचकर सत्य के राही बनकर कर्त्तव्यनिष्ठ, विवेकवान, नेक इन्सान बन सकते है। साध्वी डॉ. श्री राजऋद्धि जी म.सा. ने फरमाया कि इस नश्वर संसार में मां के हृदय से बड़ी कोई चीज नहीं है। यह माना जाता है कि धरती से बड़ा आकाश है, आकाश से बड़ा ब्रह्माण्ड है, परन्तु ब्रह्माण्ड से भी बड़ा एक मां का दिल है।

अजमेर जिले की धरोहर विकास में प्रशासन की सोच व प्रयास निखार लायेंगे : विधायक

- पटेल स्कूल सभागार का लोकार्पण
- ब्यावर सेवा और सहयोग के अनूठे जज्बे का शहर : कलक्टर

ब्यावर (निस) भारतीय सांस्कृतिक निधी (इन्टैक) ब्यावर अध्याय के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय सभागार का क्षेत्रीय विधायक शंकरसिंह रावत के मुख्य आतिथ्य तथा जिला कलक्टर कमलराम मीणा की अध्यक्षता में भामाशाह संजय गर्ग व गणपत सर्राफ (स्वर्ण गंगा तथा कनक सागर ज्वैलर्स परिवार) द्वारा कराये गये जीर्णोद्धार के बाद लोकार्पण किया गया। समारोह के विशिष्ठ अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी(माध्यमिक)अजय गुप्ता एवम (प्रारम्भिक) अनिल शर्मा सहित नप राजस्व अधिकारी विकास कुमावत आमंत्रित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शंकरसिंह रावत ने कहाकि ब्यावर की बसावट इसके संस्थापक कर्नल चार्ल्स डिक्सन की सुन्दर सोच तथा वास्तु शिल्प की बहुत ही गहरी सूझबूझ का प्रमाण है। ब्यावर जिले के ही टॉडगढ़ में रहकर कर्नल टॉड ने राजस्थान का इतिहास लिखा और सबसे पहले इसे राजपुताना नाम दिया। इस जिले की ऐतिहासिक महत्ता है और स्वाधीनता संठााम में इसका भारी योगदान है। मगरे के बहादुर युवा मातृभूमि की सेवा हेतु सेना की नौकरी को प्राथमिकता से चुनते हैं। यह औद्योगिक विकास की उर्वरा भूमि है। इस जिले के विकास में प्रशासन की सकारात्मक सोच और दूरगामी दृष्टिकोण वाले निर्णय इसकी मजबूत नींव का कार्य करेंगे। विधायक ने जिला प्रशासन से शहरवासियों के आवागमन के सुगम सिटी हाइवे के निर्माण की भी जरूरत बताई और कहाकि जिले को हर लिहाज से सक्षम व समृद्ध बनाने में अधिकारियों की अच्छी भूमिका सदा याद की जायेगी।इस अवसर पर विधायक श्री रावत ने शिक्षा व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भामाशाह संजय गर्ग व गणपत सर्राफ परिवार को भी धन्यवाद दिया और कहाकि युवा पीढी के सपनों को साकार करने में आपके अर्जित धन का एक अंश भी काम आता है तो इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर कमलराम मीणा ने बहुत ही प्रेरक उद्गार व्यक्त करते हुए कहाकि दान में सबसे उत्तम शिक्षा दान कहा गया है। शिक्षा के किसी भी तरह के विकास में किया गया खर्च समाज को आगे बढ़ाने पर किये निवेश की तरह है और इस योगदान का पुण्य सबसे बड़ा है। उन्होंने इन्टैक कन्वीनर के प्रयासों को भी धरोहर संरक्षण की दिशा में सराहनीय बताया। कलक्टर श्री मीणा ने कहाकि ब्यावर के लोगों में सेवा और सहयोग का अनूठा जज्बा है। यहां परिश्रमी उद्यमी, बहादुर सैनिक, ऊर्जावान प्रतिभाएं और दूसरों की पीड़ा समझने वाले संवेदनशील लोग खूब हैं। उन्होंने कहाकि ब्यावर जिले में विकास की असीम संभावनाएँ हैं और अस्पताल, नगर परिषद, पानी, बिजली, सड़क जैसी समस्याओं को दूर करने हेतु प्रशासन पूरा चौकस है।उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अपनी प्रशासन सम्बंधी दिक्कत को बेझिझक उनको बतावें, वाजिब समस्या में राहत दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दे मातरम् गायन से किया गया। प्रिंसीपल अब्दुल हनीफ खान ने स्वागत भाषण दिया और पटेल स्कूल की जल निकासी की समस्या की ओर ध्यान दिलाया। युवा सामाजिक कार्यकर्ता प्रशान्त पाबूवाल ने स्व. शुभम गर्ग का परिचय देते हुए बताया कि व्हील चेयर पर ही जीवन बिताने वाले प्रतिभावान युवा ने कैसे एक लिफ्ट को डिजाइन किया तथा अपनी इच्छाशक्ति के दम पर स्वयं ने ऑनलाइन आवेदन कर एडमिशन होने पर तीन माह जयपुर रहकर कोर्स पूरा किया। स्कूल सभागार का जीर्णोद्धार उनकी पुण्य स्मृति में परिवार ने कराकर समाज को नई प्रेरणा दी है। भामाशाह संजय गर्ग व गणपत सर्राफ ने भी अपने विचार रखे। समारोह में इन्टैक द्वारा आयोजित रंगारंग भारत पोस्टर प्रतियोगिता के राज्य स्तर पर विजेता रहे आदर्श विद्या मन्दिर के छात्र संकल्प दगदी को अतिथियों ने ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया।

ड्राइंग कंपटीशन में राज्य स्तर पर संकल्प दगदी प्रथम : ब्यावर में आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय ,ब्यावर के भैया संकल्प दगदी ने इंटेक द्वारा आयोजित ड्राइंग कंपटीशन ''सेलिब्रेटिंग इंडिया'' में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 फरवरी ,2025 को भारतीय सांस्कृतिक निधि ब्यावर अध्याय के तत्वाधान में आयोजित ड्राइंग कंपीटीशन में विद्यालय के कक्षा 10 के भैया संकल्प दगदी ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/168 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 15.07.25

श्रीमती बीना जैन पत्नी श्री प्रदीप जैन निवासी बी-55 छतरी योजना वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक भूखण्ड ए.एम.सी. नं. 1/429 व नया नं. 1/169 एवं ए.एम.सी. नं. 1/428 2/168 8/88 है जो वाके पीर मीठा गली देहली गेट के अन्दर अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 149.11 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व : आम रास्ता गली एवं दुर्गा साईकिल की सम्पति पश्चिम : पैसेज व प्रकाश जी का मकान
उत्तर : पैसेज (चौक) दक्षिण : नन्दलाल सुनार का मकान

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की अर्जुन लाल सेठी नगर योजना के आवासीय भूखण्ड सख्या 371 (ई डब्यू एस) क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर के आवंटी / अन्तरिति ओम प्रकाश नोगिया पुत्र स्व. सुवा लाल नोगिया निवासी 371 अर्जुन लाल सेठी नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 3/12/2017 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसो क्रमशः (1) श्रीमती मैना देवी पत्नि स्व ओम प्रकाश नोगिया (फौत) (2) हसंराज नोगिया (3) महेश नोगिया फौत (4) मनोज नोगिया (5) विनोद नोगिया पुत्रगण स्व ओम प्रकाश नोगिया (6) श्रीमती अमृता नोगिया पत्नि स्व. महेश नोगिया निवासी अर्जुन लाल सेठी नगर अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सादार हसंराज नोगिया पुत्र स्व ओम प्रकाश नोगिया निवासी 371 अर्जुन लाल सेठी नगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन कपन दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय त्याग पत्र दिनांक 10/7/2025 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण मे दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

प्ररूप-10- नियम 6 (7) देखिए

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर परिषद केकड़ी (अजमेर) - राजस्थान

क्रमांक-नपाके/कृ.भू.रू./2025-26/1390 **-लोक सूचना-** दिनांक-15/7/2025

मामला सं.-

श्री सत्यनारायण नायक पुत्र श्री छोटू लाल नायक जाति नायक निवासी केकड़ी केकड़ी जिला अजमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि(अकृषि) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम खसरा नं.	क्षेत्रफल
अजमेर - केकड़ी	कोहड़ा ख.नं. 1969/1961,1973/1963	रकबा 0.5100 हैक्टयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 15.07.25 को जारी की गयी। -प्राधिकारी अधिकारी का नाम और मुहर

24 वां आराध्यदेव झूलेलाल चालीहो का शुभारंभ आज से

अजमेर, (कासं)। सिन्धु समिति की ओर से इच्छापूर्ण झूलेलाल मन्दिर, चांद बावडी के सहयोग से 24 वें आराध्यदेव झूलेलाल चालीहो उत्सव का शुभारंभ बुधवार 16 जुलाई को सांय 5.30 बजे से इचछापूर्ण झूलेलाल मन्दिर पर होगा।मंगलवार को नसरपुर झूलेलाल मन्दिर, नानक का बेडा में अध्यक्ष जयकिशन लख्याणी के साथ मन्दिर सेवादार जयप्रकाश मंघनाणी ने पूजा अर्चना कर सभी को निमंत्रित किया।

मन्दिर अध्यक्ष राम बालवाणी ने बताया कि इच्छापूर्ण झूलेलाल मन्दिर के साथ पूज्य लाल साहब मन्दिर नसरपुर दरबार नानक का बेडा, श्री झूलेलाल मन्दिर वैशाली नगर, पूज्य सिंधी पंचायत सिन्धु भवन पंचशील नगर, श्री झूलेलाल मन्दिर अजयनगर, पूज्य उडेरो लाल मन्दिर आशागंज, श्री झूलेलाल मन्दिर (साओ बहिराणो) केसरगंज एवं पूज्य झूलेलाल मन्दिर जेपी नगर सेक्टर-1 के साथ मिलकर आयोजन किया जाता है।

सेवादार महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने बताया कि उत्सव में ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम के महन्त स्वरूपदास उदासीन, श्री शांतानन्द उदासीन आश्रम पुष्करराज के महंत हनुमानराम, श्रीराम विश्वधाम के सांई अर्जुनदास, निर्मलधाम दरबार के स्वामी आत्मदास व जतोई दरबार के भाई फतनदास सहित संतों के आर्शीवाद से आराध्यदेव झूलेलाल का चालीहो महोत्सव का पूजन, पंचमहाज्योत, धार्मिक आयोजन व प्रार्थना से किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक नरेन्द्र बसराणी ने बताया कि धार्मिक आयोजन में कलाकार घनश्याम ठारवाणी भगत, प्रकाश मोटवाणी, ललित भग्त, चन्द्र भग्त, अशोक सोनी, धर्मदास, ढोलण शर्मा, दीपक तेजावत की ओर से पंझडा गीत, भजनों की प्रस्तुतियां व बंटी एण्ड पार्टी द्वारा नृत्य पेश किया जायेगा। निरंतर 40 दिनों तक शहर की अलग अलग कॉलोनियों में धार्मिक आयोजनों के पश्चात् 25 अगस्त को समापन अवसर पर विशाल धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मन्दिर में समिति के उपाध्यक्ष अजीत पमनाणी, हरिकिशन टेकचंदाणी, भगवान साधवाणी, गोपाल माखीजाणी, महेश ईसराणी, मन्दिर के, बाली भाई, गोविन्द पारवाणी, किशनचन्द केसवाणी, घनश्यामदास, मोतीराम, ईश्वर पारवाणी, दिलीप बूलचंदाणी, दिलीप थदाणी, माधव बच्चाणी, किशन केवलाणी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दिगंबर जैन महिला महासमिति ने लहरिया उत्सव मनाया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। दिगंबर जैन महिला महासमिति की और से लहरिया उत्सव मनाया गया। साथ ही कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

सुधा सागर ऑडिटोरियम के डी जैन पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, विधायक डॉ विकास चौधरी, समाजसेवी निहालचंद पहाड़िया, आर के मार्बल परिवार से संरक्षिका सुशीला पाटनी, शांता पाटनी, तारीका पाटनी, महासमिति राष्ट्रीय अध्यक्ष शिला डोडिया, स्थानीय अध्यक्ष मोना झांझरी अतिथि के रूप में मौजूद रही।

राष्ट्रीय अध्यक्ष शिला डोडिया ने नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रियल झांझरी, जानवी सेठी, परी बज ने मंगलाचरण व स्वागत गान प्रस्तुत किया।रीना रावका, पल्लवी गंगवाल, प्रियंका पहाड़िया, निशा जैन, सपना जैन, आकांक्षा जैन, टीना जैन, सलोनी जैन ने मनमोहक भक्ति नृत्य से संमा बांध दिया।केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि देश में महिला प्रथम स्थान पर है, जैन समाज की महिलाएं भी महिला सशक्तिकरण के लिए आगे आ रही है, जैन धर्म नहीं जैन दर्शन है, जो जैन दर्शन के सिद्धांतों को जीवन में अपनाते हैं।

विधायक विकास चौधरी ने कहा कि यह अवसर न केवल नारी शक्ति के समर्पण और नेतृत्व का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता, धार्मिक मूल्यों और समाज सेवा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का उत्सव भी है। इस अवसर पर महासचिव उषा गोधा, अंतिमा झांझरी, गुणमाला पाटनी, रीता गंगवाल, रेखा झांझरी, भावना पहाड़िया, सिंपल बाकलीवाल, मीना सेठी, निशा रारा, सरिता पहाड़िया, संगीता गंगवाल, बबीता कासलीवाल, जूली चौधरी, पूनम गदिया, राजदुलारी बज, संगीता काला, सुषमा दोसी, संध्या दगड़ा, डॉ किरणमाला जैन, डॉ गौरी जैन, बीना झांझरी, कल्पना पाटनी, रेखा बाकलीवाल, कनकलता बज, मंजू बोहरा, मीना सेठी, शशि प्रभा बज के अलावा पार्षद सुशील अजमेरा, आनंद बज, विकास छाबड़ा, राहुल चौरडिया, विमल गोड़ सहित गणमान्यजन मौजूद रहे। मंच संचालन अध्यक्ष मोना झांझरी ने किया।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ जिला (अजमेर) राज

क्रमांक: न.प.कि./कृषि भूमि नियमन/2025/1022 **लोक सूचना** दिनांक: 15.07.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा सं. 346/1, 346/3 भूखण्ड संख्या 01,02,03,49,50,51,52,53,54,55,56,84,85,86,87,89 का कुल क्षेत्रफल 2919.65 वर्गगज का आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क्र. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं. व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्री सूरजमल जाट पुत्र श्री गिरधारी लाल जाट निवासी मानपुरा की ढाणी पोस्ट नरवर जिला अजमेर राजस्थान	राजस्व ग्राम मदनगंज खसरा सं. 346/1, 346/3 भूखण्ड सं. 01,02,03,49,50,51,52,53, 54,55,56,84,85,86,87,89 का कुल क्षेत्रफल 2919.65 वर्गगज	आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
ईमेल-spm.niwas@gov.in, वेबसाइट-www.spmniwas.in

रिक्ति अधिसूचना

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान (एसपीएम-निवास), कोलकाता, पेजयल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान, अनुबंध (पुनर्नियोजन) के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमत्रित करता है-

1. अनुभाग अधिकारी (प्रशासन)-01 न.
2. अनुभाग अधिकारी (वित्त)- 01 नं.

पात्रता शर्तो का विवरण-www.spmniwas.in
वेबसाइट पर उपलबध है।
आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि-28.07.2025
CBC 45128/12/0004/2526

अंतिम तिथि 18 जुलाई

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयोजित प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2024 के ग्रुप अ के संस्कृत विषय एवं ग्रुप बी के सोशियोलॉजी, इकोनॉमिक्स, उर्दू, पंजाबी, ड्राइंग, होम साइंस, राजस्थानी तथा म्यूजिक सहित कुल 9 विषयों की मॉडल आंसर-की जारी की है।

मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इन विषयों की परीक्षाएं 30 जून से 2 जुलाई एवं 5 जुलाई के बीच आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी यदि किसी उत्तर से असहमत हैं, तो वे 16 से 18 जुलाई रात्रि 12 बजे तक निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आपत्तियां दर्ज कर सकते हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आपत्ति दर्ज कराने हेतु 100 रुपए शुल्क (सेवा शुल्क अतिरिक्त) देना होगा। आपत्तियां केवल आयोग की वेबसाइट के रिक्रूटमेंट पोर्टल पर एसएसओ लॉगिन के माध्यम से ही दर्ज की जा सकती हैं। पेमेंट ई-मित्र कियोस्क या पोर्टल पर दिए गए पेमेंट गेटवे के जरिए करना होगा। आपत्ति केवल उन्हीं अभ्यर्थियों से स्वीकार की जाएगी जो परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं। हर प्रश्न पर आपत्ति मान्य प्रामाणिक स्रोत के प्रमाण सहित होनी चाहिएए अन्यथा आयोग उस पर विचार नहीं करेगा। गुप्ता ने बताया कि शुल्क वापस नहीं किया जाएगा और एक बार ही आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी।

पांच दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन

अजमेर, (कासं)। 'आउटकम-बेस्ड करिकुलम डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट' विषय पर राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा पांच दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन 14 से 18 जुलाई 2025 तक किया जा रहा है। विभिन्न तकनीकी सत्रों में सभी प्रतिभागियों को एनआईटीटीटीआर भोपाल से आए विषय विशेषज्ञ प्रो. अंजू रॉली एवं प्रो. जे.पी. टेगर प्रशिक्षण दे रहे है। प्रो. अंजू रॉली ने एनईपी 2020 के अंतर्गत लचीले पाठ्यक्रम ढांचे, नवाचार युक्त और उत्तरदायी पाठ्यक्रम, बहुविषयी पाठ्यक्रम एवं समग्र विकास आदि विषयों पर प्रशिक्षण दे रही है। प्रो. जे पी टेगर ने नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क की विशेषताओं का परिचय देते हुए बताया कि यह ढांचा शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं कौशल-आधारित शिक्षा को स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक एकीकृत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे आजीवन अधिगम एवं लचीले कैरियर मार्गों को बढ़ावा मिलेगा। प्रशिक्षण आयोजन के विषय में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने कहा कि ऐसे क्षमता विकास कार्यक्रम हमारे संकाय सदस्यों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप शिक्षण एवं पाठ्यक्रम को ढालने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करते हैं। इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का उद्घाटन 14 जुलाई को किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. प्रकाश चौधरी डीन, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने की। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. चौधरी ने आउटकम-आधारित पाठ्यक्रम की महत्ता को रेखांकित करते हुए यह सुझाव दिया कि शिक्षकों को अपनी शिक्षण पद्धति को शिक्षक-केंद्रित से छात्र-केंद्रित की ओर स्थानांतरित करना चाहिए।

नाग पंचमी का पर्व मनाया

ब्यावर (निसं) नाग पंचमी पर्व पर महिलाओं ने व्रत रखकर नाग देवता को दूध चढ़ाया और पूजा-अर्चनाकी। बिजयनगर रोड पर रामभरोस सांखला के मकान में स्थित 150 साल पुराने नाग देवता मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ गई थी। व्रतधारी महिलाओं ने नाग बाबा की कथा सुनकर व्रत का पारणा किया और कालसर्प योग की शांति के लिए भी विशेष पूजन व अनुष्ठान किये गए।

मीरा महोत्सव को लेकर संपर्क जारी

- इस दौरान पालिकाध्यक्ष लाहोटी ने कहा कि मीरा महोत्सव को भव्य बनाने का हर संभव सहयोग करने का पूरा प्रयास करेगी

मेड़तासिटी, आगामी मीरा महोत्सव को लेकर समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता द्वारा तैयारियां की जा रही है। संगठन मंत्री कैलाश गौड ने बताया कि बताया कि मीरा महोत्सव के अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत के नेतृत्व में महोत्सव टीम मेड़ता नगर पालिका के अध्यक्ष शोभा लाहोटी से मुलाकात की । महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर चर्चा की । इस दौरान पालिकाध्यक्ष लाहोटी ने कहा कि मीरा महोत्सव को भव्य बनाने का हर संभव सहयोग करने का पूरा प्रयास करेगी।

मीडिया प्रभारी सुनील पुरी ने बताया कि महोत्सव के दौरान ग्यारस को मंदिर की मुख्य ध्वजा रोहण के मुख्य यजमान केदारमल खण्डेलवाल होंगे। ज्ञातव्य है कि मीरा महोत्सव में ध्वजा का विशेष महत्व माना जाता है। संरक्षक दशरथ सारस्वत ने बताया कि महोत्सव की जन सम्पर्क टीम मरुधर डिफेंड किशन सिंह चंपावत,शिशु निकेतन के नरेश प्रभाकर,बी टू एकेडमी के नाथूराम थिरोड़ा,नंद कुमार अठावाल,पटवारी बहादुर सिंह,राजीव पुरोहित,एडवोकेट जगदीश नारायण शर्मा, आदि भामाशाहों व समाजसेवकों से संपर्क करके महोत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत,सचिव रवि कमेडिया, विक्रम शर्मा,धर्मेंद्र सोनी,प्रेम प्रकाश रूनवाल, लोक अभियोजक अभिमन्यु शर्मा, विमलेश व्यास आदि मौजूद रहे।

क्रिकेट अकादमी प्रारंभ

अजमेर, (कासं)। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमान अधिकारी श्रीराम मीणा ने मंगलवार को यहां वैश्विक पर्यावरण की बिगड़ी संतुलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि समय रहते इसे स्वच्छ और सुंदर बनाना जरूरी है। मंगलवार को वरुण सागर रोड स्थित एक निजी स्कूल के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बिगड़ते प्राकृतिक संतुलन को सुधारना जरूरी है, उन्होंने इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में राइफल शूटिंग एवं क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ भी किया।

समारोह के अध्यक्ष राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के पूर्व सदस्य कंवल प्रकाश किशनानी ने विद्यार्थियों का आ ान किया की जीवन के लक्ष्यों को अर्जित करने के लिए समर्पित भाव से मेहनत करें, उन्होंने सम्राट पृथ्वीराज चौहान की तीरंदाजी कौशल का उदाहरण देते हुए बताया कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकाग्रता और अनुशासन जरूरी होता है। इस अवसर पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल तकनीकी अधिकारी विनीत लोहिया ने कहा कि जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए खेल और शिक्षा में संबंध में बनाना जरूरी होता है, उन्होंने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यान चंद का उदाहरण देते हुए कहा कि कम सुविधाओं के बावजूद उन्होंने देश को सर्वोच्च सम्मान दिलाया। इससे पूर्व संस्था के अध्यक्ष राजाराम मीणा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा प्राचार्य दिनेश कुमार माथुर ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी जवाजा जिला ब्यावर

क्रमांक :एनएचएम-लेखा/2025-26/974 **खुली निविदा विज्ञप्ति वर्ष 2025-26** दिनांक: 15.07.2025

(विस्तृत बोली विवरण)

इस कार्यालय के अधीन चिकित्सालयों में मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के सफल संचालन हेतु आवश्यकतानुसार मशीन विद् मैन की सेवायें श्रम विभाग में रजिस्टर्ड एनजीओ/सेवाप्रदाता ऐजेंसी के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। संबंधित विवरण इंटरनेट साईट पर www.spp.rajasthan.gov.in उपलब्ध है।

क्र. सं.	विवरण	अनुमानित राशि	बोली प्रतिभूमि राशि	बोली फार्म का शुल्क	फार्म प्राप्त करने की दिनांक व समय	फार्म जमा कराने की अंतिम दिनांक व समय	बिड खोलने की दिनांक एवं समय
1	मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत मशीन विद मैन हेतु	04.00 लाख रू.	8000	400 रू	24.07.2025 सायं 5 बजे तक	25.07.2025 सायं 2 बजे तक	25.07.2025 सायं 3 बजे तक

नोट-1. बोली से संबंधित वेबसाईट www.spp.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन देखा जा सकता है
2. क्रय में RTPP act 2012 and rules 2013 and GF&AR व राज्य सरकार के आदेश/नोटिफिकेशन लागु होगे।
3. किसी भी निविदा को निरस्त/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकारी कार्यालय की उपापन समिति को होगा।

खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी,जवाजा

आम सूचना

मेरे पुत्र स्व. विजय सिंह पुत्र माधुदान जाति चारण निवासी ग्राम काढां पोस्ट देवपुरी तह किशनगढ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 7/3/2014 को मेरे निवास स्थान पर हो गया है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील कार्यालय किशनगढ में आवेदन किया है इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सहित 7 दिवस के अन्दर तहसीलदार कार्यालय किशनगढ में सम्पर्क कर प्रार्थी माधुदान पुत्र कृपादान

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उषा माहिच पत्नी श्री ओम प्रकाश की ग्राम कायड़ के खसरा नंबर 3036 पुराना 4310 नया भूखण्ड संख्या 20 में क्षेत्रफल 193.33 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी। उपायुक्त(उत्तर),अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मसूदा पंचायत समिति क्षेत्र के चारों ओर अवैध कोयला बनाने का कारोबार फल फूल रहा है

- जंगलों से कटी हरी लकड़ियां की आरा मशीनों पर हो र